डा. गिरजा उराँव
एसोसिएट प्रो०
R M C शामली

B.A. III Hons
Session 2019-20
Subject - PSY Paper VII
Group - A

1. (worker and work) कर्मचारी तथा कार्य :-
उत्पादन का केबेल्य कर्मचारी तथा उसके द्वारा संपादित कार्य से होता है। उत्पादन अधिक हो उसके लिए समुचित कार्य का होना आवश्यक है इसी तरह समुचित कार्य के लिए मशीनों को टूट-फूट से बचाने के लिए दुर्घटनाओं को कम करने के लिए किसी पद विशेष पर प्रयोज्य कर्मचारी की नियुक्ति आवश्यक है। किस प्रकार किसी पद विशेष पर सुयोग्य कर्मचारी की नियुक्ति की जाए यह औद्योगिक मनोविज्ञान की एक मुख्य समस्या है। इस समस्या के अध्ययन के लिए एवं उचित समाधान के लिए कर्मचारी का विश्लेषण (worker analysis) और कार्य विश्लेषण (worker analysis) का अध्ययन हो जाता है

2. कर्मचारी तथा निरीक्षक (worker and supervisor)
निरीक्षक कर्मचारी के कार्यों का निरीक्षण करता है। जब कार्य निरीक्षण के साथ भी कर्मचारियों के मानवीय मूल्यों पर भी ध्यान रखता है तो औद्योगिक स्थिति बहुत अनुकूल बनी रहती है। परन्तु प्रायः देखने मे आता है कि निरीक्षक मजदूरों के मानवीय मूल्यों को नजर अन्दाज करता है। वह अपनी पदोन्नति के लालच में उद्योगपति के हितों का ही ध्यान सबसे अधिक रखता है। ऐसी परिस्थिति में हड़तालों तालाबन्दी एवं दुर्घटनाएँ

अधिक होती है। किस प्रकार कर्मचारी तथा निरीक्षक के संबंधों को मधुर बनाया जा सकता है ताकि हड़तालें तालाबन्दी एवं दुर्घटनाएं कम हो एवं अधिकाधिक उत्पादन को प्रोत्साहन मिले, औद्योगिक मनोविज्ञान की एक मुख्य समस्या है।

3. कर्मचारी तथा प्रबंधक (worker and management) - उद्योगपति एवं उसके द्वारा नियुक्त लोग जिनपर कारखानों के संचालन की पूरी जवाबदेही होती है, प्रबंधक वर्ग में आते हैं। जब प्रबंधक वर्ग संतोषजनक नही होता तब उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कर्मचारी कार्य में कम रुचि लेते हैं और उत्पादन गिर जाता है पर जब प्रबंधक वर्ग के लोग एवं उनके कार्य संतोषजनक हो अर्थात वे मजदूरों के रहन-सहन काम के घंटे मशीनों का आधुनिकीकरण कारखाने का भौतिक वातावरण एवं अन्य आवश्यकताओं पर समुचित ध्यान दें तो स्थितियाँ अनुकूल बनी रहती है। किस प्रकार इस आवश्यकता की पूर्ति की जाय ताकि मजदूरों एवं प्रबंधक वर्ग के हितों की रक्षा हो सके औद्योगिक मनोविज्ञान की एक मुख्य समस्या है।

Scanned with CamScanner